Regarding Construction of High Dam in Seemanchal and Mithilanchal

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया) :** सभापति महोदया, नेपाल में काफी बारिश होने के कारण कोसी सीमांचल की सारी नदियां काफी ज्यादा उफान पर है, लगातार कटाव जारी है । चाहे नौवहट्टा हो, चाहे पूर्णिया जिले का अमौर हो, बायसी हो । कटिहार के महानंदा से लेकर कोशी और गंगा हो, कुर्सेला-बरारी में लगातार कटाव हो रहा है । यह प्रशासनिक लापरवाही है, इसके चलते कई गांव विलीन हो गए हैं । नौवहट्टा के कई गांव विलीन हो गए हैं, मेरे लगातार संपर्क में होने के बावजूद भी कोई काम नहीं हो पा रहा है । एक डिमांड लगातार उठ रही है वह गाद को निकालने की है । ? (व्यवधान) गाद को निकालने के साथ सबसे ज्यादा कोसी बैराज पर दबाव की बात कही जा रही है, यहां हाई डैम बनना चाहिए । हाई डैम का निर्माण आवश्यक है । ? (व्यवधान) कोसी सीमांचल और मिथलांचल के लिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि हाई डैम निर्माण करने की योजना शीघ्र लागू की जाए । धन्यवाद ।